# आदर्श प्रश्न पत्र–2019
## कक्षा–12
## मानवविज्ञान

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने हेतु निर्धारित हैं।

**यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–'क' एवं खण्ड–'ख' के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।**

### खण्ड–'क'

**नोट :** (i) प्रश्न संख्या–1 से 5 तक बहुविकल्पीय हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–6 से 8 अति लघु उत्तरीय हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना है।

(iii) प्रश्न संख्या–9 एवं 10 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों में देना है।

(iv) प्रश्न संख्या–11 एवं 12 दीर्घ उत्तरीय है, जिनके उत्तर 100 शब्दों में देना है।

(v) उक्त प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं।

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्न में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

1– निम्न में से कौन 'टोटमवाद' का प्रतिपादक है? 1

(a) ई0बी0 टायलर (b) मार्गन

(c) दुर्खीम (d) डी0एन0 मजूमदार

2– निम्न में से कौन 'आत्मावाद' के विचार से सम्बन्धित है? 1

(क) मैरियट (ख) टायलर

(ग) मैलीनोस्की (घ) प्लेटो

3– निम्न में से कौन अमेरिकी मानव विज्ञान का जनक कहलाता है? 1

(क) मैलीनोस्की (ख) मजूमदार

(ग) विद्यार्थी (घ) फ्रान्त्र बोआस

4– निम्न में से कौन सी जनजाति आखेट पर निर्भर है? 1

(क) जाखा (ख) चेन्चू

(ग) जौनसारी (घ) उपरोक्त में (क) और (ख) सही है

5– निम्न में से कौन सी जनजाति 'कूला' से सम्बन्धित है? 1

(क) ट्रोब्रियाण्ड (ख) हो

(ग) मुण्डा (घ) जौनसारी

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 शब्दों में दीजिए।

6– 'समुदाय' से क्या तात्पर्य है? 2

7– संस्कृति की परिभाषा दीजिए। 2

8– 'सभ्यता' क्या है? 2

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

9– 'बार्टर' से क्या तात्पर्य है? 4

10– 'मानवविज्ञान' का विषय क्षेत्र क्या है? 4

## (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरलगभग 100 शब्दों में दीजिए।

11— धर्म की उत्पत्ति के सिद्धान्तों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 8

अथवा

उचित उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मानवविज्ञान के उपयोगिता की विवेचना कीजिए।

12— 'पशुपालन' से क्या तात्पर्य है? भारत की कौन सी जनजातियाँ पशुपालन पर निर्भर हैं? बताइए। 8

अथवा

राज्य विहीन समाज से आप क्या समझते हैं? इस तरह के समाजों की प्रमुख विशेषतायें क्या हैं?

## खण्ड—'ख'

**नोट :** (i) प्रश्न संख्या—13 से 17 तक बहुविकल्पीय हैं।

(ii) प्रश्न संख्या—18 से 20 तक अति लघु उत्तरीय हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना है।

(iii) प्रश्न संख्या—21 एवं 22 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है।

(iv) प्रश्न संख्या—23 एवं 24 विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों में देना है।

(v) उक्त प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं।

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्न में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

13— निम्न में से कौन—सा शारीरिक मानव विज्ञान का विषय क्षेत्र है? 1

(क) जाति (ख) धर्म

(ग) टोटम (घ) प्रजाति

14— निम्न में से कौन एक शारीरिक मानवविज्ञानी है? 1

(क) वाशबर्न (ख) टायलर

(ग) मैलीनॉस्की (घ) फ्रेजर

15— निम्न में से कौन—सा कोशिका का 'पावर हाउस' कहलाता है? 1

(क) गोल्जीकाय (ख) माइटो कॉण्ड्रिया

(ग) सेन्ट्रोमीयर (घ) इनमें से कोई नहीं

16— निम्न में से किसने 'अस्तित्व के लिए संघर्ष' की बात की? 1

(क) लैमार्क (ख) मेण्डल

(ग) डार्विन (घ) मार्क्स

17— किसने ए0बी0ओ0 रक्त समूह खोला था? 1

(क) कार्ल लैण्डस्टीनर (ख) मेण्डल

(ग) लैमार्क (घ) इनमें से कोई नहीं

**(अतिलघुउत्तरीय प्रश्न)**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 शब्दों में दीजिए।

18— जैविक उद्‌विकास की परिभाषा दीजिए। 2

19— ए0बी0ओ0 रक्त समूह से क्या तात्पर्य है? 2

20— 'जीवाश्मीकरण' से क्या तात्पर्य है? 2

**(लघुउत्तरीय प्रश्न)**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 शब्दों में दीजिए।

21— प्रजाति की परिभाषा दीजिए। 4

22— शारीरिक मानवविज्ञान जीवविज्ञान से कैसे सम्बन्धित है?4

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

प्रत्येक प्रश्नों का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।

23– जावा मानव की शारीरिक एवं सांस्कृतिक विशेषतायें बताइए। 8

अथवा

शारीरिक मानवविज्ञान के क्षेत्र पर एक निबन्ध लिखिए?

24– विश्व की दो प्रमुख प्रजातियों की विशेषतायें बताइये। 8

अथवा

मानवसम वानरों की विशेषतायें संक्षेप में बताइये।

———